महत्वपूर्ण एवं खास

हाथ करघा कार्यालय हुआ स्थानांतरित

रायगढ़ । सहायक संचालक, हाथ करघा कार्यालय रामभांठा रोड रायगढ़ में संचालित है। वर्तमान में उक्त भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में है, जो कि कभी भी ढह सकता है। जिससे अप्रिय घटना एवं जन-धन की हानि हो सकती है। कलेक्टर भीम सिंह ने उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये हाथ करघा कार्यालय को जिला पंचायत रायगढ़ में स्थानांतरित करते हुये कार्य करने हेतु आदेशित किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी से करीब 2.5 लाख रुपये कीमती जेवरातों की चोरी

❍ कोतवाली पुलिस जुटी अज्ञात आरोपी की पतासाजी में

रायगढ़। दिनांक 14/06/2021 को राजीव नगर गली नं. 02 कोतरा रोड में रहने वाले गोसाई राम पटेल उम्र 47 वर्ष रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 13-14/06/2021 को इसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे जेवरातों की चोरी अज्ञात आरोपी द्वारा की गई है। रिपोर्टकर्ता बताया कि इनकी पत्नि का दिनांक 05.06.2021 को देहात हो गया था। पत्नि के दाह संस्कार एवं दशगात्र हेतु मुल ग्राम कोमो थाना डभरा जिला जांजगीर चांपा गया था। जाते समय राजीव नगर के मकान घर का चाबी पड़ोसी दूर के रिस्तेदार सौरभ पटेल पिता श्यामलाल पटेल को देखरेख हेतु दिया था । दिनांक 13.06.2021 को दशगात्र कार्यक्रम के लिये सामान एवं व्यवस्था हेतु गांव से कुछ लोग आकर रायगढ़ राजीव नगर वाले घर में सामान लेने गए थे जो उसी रात वापस गांव आ गए। सौरभ भी दशगात्र में शामिल होने गांव कोमा डभरा आया इस कारण वह 13-14 की दरमियानी रात घर में नहीं रहा, सुने घर का फायदा उठाकर कोई अज्ञात चोर ग्राउंड फ्लोर के मुख्य हाल में लगे दरवाजा का ताला तोडकर अंदर घुसा और बेडरूम में रखे गोदरेज कम्पनी के अलमारी का लाकर सब्बल से तोड़कर उसमें रखे सोने के जेवर कीमती 250000 रूपये को चोरी कर ले गया है तथा घर के अन्य सामाग्री की भी चोरी हुई है चेक कर बता सकते हैं, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध कोतवाली थाने में अप.क. 770//2021 धारा 457,380 भादवि दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का लॉटरी से हुआ चयन

रायगढ़ । आज रायगढ़ जिले के सभी नौ विकास खंडों में संचालित होने जा रहे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश हेतु लॉटरी निकालकर चयन प्रक्रिया संपन्न की गई। रायगढ़ में लॉटरी प्रक्रिया के दौरान विधायक प्रकाश नायक उपस्थित रहे। इसके साथ ही सभी विकासखण्डों में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों की उपस्थिति में लॉटरी की प्रक्रिया संपन्न की गई। रायगढ़ में इस दौरान एसडीएम रायगढ़ युगल किशोर उर्वशा, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य उपस्थित रहे। विकास खण्डवार इतने विद्यार्थियों का हुआ चयन। रायगढ़ में 89, पुसौर-94, बरमकेला-152, सारंगढ़-173, खरसिया-254, लैलूंगा-191, घरघोड़ा-162, धरमजयगढ़-304 सहित कुल 1419 विद्यार्थियों का लॉटरी से चयन किया गया।

कोरोना संकट काल में भी राज्य सरकार की योजनाओं से छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था रही मजबूतः मुख्यमंत्री

» रायगढ़ में कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों की भरपूर संभावनाएं

» मुख्यमंत्री ने रायगढ़ को दी 308 करोड़ 31 लाख रूपए के विकास कार्यों की सौगात

रायगढ़ । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि कोरोना संकट ने पूरे देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है, लेकिन पूरे कोरोना काल में छत्तीसगढ़ में न तो रोजगार की कमी हुई और न रोटी की। राज्य सरकार की योजनाओं से इस चुनौती पूर्ण समय में भी छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था मजबूत और गतिशील रही। प्रदेश में किसानों और वनवासियों के कल्याण के लिए प्राथमिकता से कार्य किए जा रहे हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय जैसी योजना शुरू की गई है। इन योजनाओं के माध्यम से किसानों, महिलाओं और ग्रामीणों को गांवों में ही रोजगार मिल रहा है।

मुख्यमंत्री बघेल आज आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में रायगढ़ जिले में 308 करोड़ 31 लाख रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्र कुमार, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया तथा रायगढ़ से उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल, विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया, विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, विधायक सारंगढ़ श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर श्रीमती जानकी काटजू, सभापति नगर पालिक निगम जयंत ठेठवार, समस्त जनपद पंचायत, नगर पंचायत एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से चर्चा कर उनसे योजना से मिले फायदे की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रायगढ़ जिले में कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों की भरपूर संभावनाएं हैं। जिले में स्थापित गौठानों के जरिए महिला स्व-सहायता समूहों को गांवों में रोजगार दिलाया जा रहा है। रायगढ़ जिले के लैलूंगा के जवाफूल चावल के उत्पादन बढ़ाने निर्यात करने और इसकी ऑनलाईन प्लेटफॉर्म पर बिक्री के लिए शासन द्वारा व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि कोरोना संकट काल में राजीव गांधी किसान न्याय योजना ने किसानों तक वास्तव में न्याय पहुंचाया है। कोरोना काल में इस योजना ने किसानों को बड़ा संबल प्रदान किया है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना को अब और विस्तारित किया गया है। इस साल योजना में नए प्रावधान करके किसानों के लिए आय के नए जरिए खोले गए हैं। जिन खेतों में किसानों ने पिछली बार धान बोया था, इस साल यदि वे दूसरी फसल लेते है या फिर वृक्षारोपण करते है उन्हें धान पर मिलने वाली आदान सहायता से ज्यादा आदान सहायता राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रायगढ़ जिले में वनवासियों के बेहतरी के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। वनवासियों को उनका हक दिलाने व्यक्तिगत एवं सामुदायिक पट्टे और वन संसाधन अधिकार के पट्टे दिए गए हैं। रायगढ़ जिले में 2018 तक मात्र 1300 सामुदायिक वन अधिकार पट्टे दिये गये थे। जबकि हमने पिछले एक साल में 3529 सामुदायिक वन अधिकार पट्टे दिये है। जिससे 50 हजार हेक्टेयर भूमि पर लोगों को वन अधिकार मिला। साथ ही जिले में पिछले एक साल में 256 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र के माध्यम से 92 हजार 448 हेक्टेयर भूमि पर लोगों को वन संसाधन के अधिकार भी दिये गये।

मुख्यमंत्री बघेल ने कोरोना की दूसरी लहर से पड़े प्रभाव पर बात करते हुये कहा कि रायगढ़ जिले में दूसरी लहर से निपटने के लिये स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ डीएमएफ मद से 14 एम्बुलेंस खरीदे गये। सभी पंचायतों में मितानिनों को 4500 ऑक्सीमीटर उपलब्ध कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की स्कूल शिक्षा कोरोना काल में प्रभावित न हो इसके लिए पढ़ई तुंहर द्वार कार्यक्रम के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन पढ़ाई की व्यवस्था की गई है। कोरोना ने जिन बच्चों से उनके अभिभावकों को छिन लिया उनके भविष्य निर्माण की व्यवस्था सरकार कर रही है। उनकी शिक्षा में किसी तरह की बाधा न आए इसके लिए महतारी दुलार योजना शुरू की गई है। ऐसे बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी, साथ ही छात्रवृत्ति भी दी जाएगी तथा इन बच्चों को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूलों में प्रवेश के लिए प्राथमिकता दी जाएगी।

कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे कहा कि मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में राज्य में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। कोरोना संकट काल के बावजूद भी पिछले एक सप्ताह में 16 जिलों में लगभग 4446 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन संपन्न हुआ है। जिसमें आज रायगढ़ जिले में 308 करोड़ 31 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया जा रहा है। इसके लिये उन्होंने जिले वासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना जैसी योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि जब मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेश में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूआत की थी, तब कुछ लोग कहते थे कि प्रदेश में विकास कार्य रूक जाएंगे, लेकिन अनेक चुनौतियों के बावजूद मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में गरीबों, किसानों सहित सभी वर्गों के जीवन में बदलाव लाने की योजनाएं सफलता पूर्वक संचालित हो रही है और विकास कार्यों के लिए भी किसी तरह की कमी नहीं होने दी गई।

उपस्थित सभी विधायकों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरूआत में कलेक्टर भीम सिंह ने जिले की उपलब्धियों के प्रतिवेदन का वाचन किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, एडीएम राजेन्द्र कटारा, नगर निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं एवं बाल आश्रय गृहों में वर्चुअल चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

» बाल श्रम निषेध संबंधी शार्ट फिल्मों का प्रदर्शन कर बच्चों में लाई गई जागरूकता

रायगढ़। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष रमाशंकर प्रसाद के निर्देशन में 12 जून 2021 को विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल आश्रय गृह नीलांचल में वर्चुअल मोड के माध्यम से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा बाल श्रम को प्रतिबन्धित करने हेतु बच्चों में जागरूकता लाये जाने की दिशा में बाल संप्रेक्षण गृह तथा चक्रधर बाल सदन में बाल श्रम निषेध संबंधी शार्ट फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।

रायगढ़ में आयोजित इस प्रतियोगिता में बाल आश्रय नीलाचंल के बच्चों से वर्चुअल माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट रविकुमार महोबिया एवं कु.आकांक्षा बेक तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी दीपक डनसेना एवं समाज कल्याण विभाग से सिद्धान्तशंकर मोहन्ती शामिल हुए। बच्चों को वर्चुअल माध्यम से बालश्रम कानून पर कुछ महत्वपूर्ण जानकारियॉ भी प्रदान की गई। समाज के कमजोर वर्ग से जुड़ी सामाजिक बुराई बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियम) अधिनियम के तहत बाल श्रमिक नियोजन के आपराधिक बिन्दु पर प्रकाश डाला गया।

इसी प्रकार तहसील सारंगढ़ में हरीश अवस्थी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष तालुक विधिक सेवा समिति तथा अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित सिंह एवं राकेश सोरी के नेतृत्व में आदर्श विद्या मन्दिर सारंगढ़ में स्कूली छात्र-छात्राओं के मध्य वर्चुअल माध्यम से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा बाल प्रतिषेध दिवस का संदेश अपने चित्रकला के माध्यम से आमजन को दिया गया। तहसील क्षेत्र घरघोड़ा में अच्छेलाल काछी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष तालुक विधिक सेवा समिति, घरघोड़ा के द्वारा कन्या हाई स्कूल, सरस्वती शिशु मन्दिर, जिन्दल स्कूल सहित अन्य अनेक विद्यालयों के बच्चों में ऑनलाईन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अत्यन्त सराहनीय चित्रकला का प्रदर्शन किया। उक्त अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिवानी सिंह एवं अधिवक्ता सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ शामिल रहे। तहसील खरसिया में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती तनुश्री गबेल के दिशा-निर्देशन में मदनपुर हायर सेकेण्ड्री स्कूल खरसिया के बच्चों द्वारा बाल श्रम निषेध से संबधित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया तथा बाल मजदूरी से संबंधित श्लोगन लिखे गये। न्यायाधीश तनुश्री गबेल के द्वारा वर्चुअल माध्यम से छात्र-छात्राओं के प्रश्नों के जवाब दिये तथ उन्हें बाल श्रम कानून तथा बाल श्रम दिवस संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियॉ प्रदान की गई। वर्चुअल मोड द्वारा स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक तथा छात्र-छात्राएँ शामिल हुए।

आयोजित इस वर्चुअल प्रतियोगिता में जिला एवं तहसील के प्रतिभागी बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा।

कबाड़ के अवैध परिवहन पर पूंजीपथरा पुलिस की कार्रवाई

» वाहन चेकिंग के दौरान कोरबा से आ रही आईशर वाहन 4 टन कबाड़ समेत जब्त



रायगढ़। पूंजीपथरा थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह के नेतृत्व में कल दिनांक 13/06/2021 को वाहन चेकिंग दौरान शाम करीब 6:00 बजे उपरीक्षक एमडी जायसवाल, सहायक उप निरीक्षक आशिक रात्रे, प्रधान आरक्षक अमित तिर्की, हमराह आरक्षक के साथ वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान घरघोड़ा की ओर से आ रही आईशर वाहन (मीडियम ट्रक) क्रमांक सीजी 12- एक्यू 0448 को रोकने का प्रयास किया गया जिस पर वाहन का चालक वाहन को तेजी से तमनार की ओर जाने वाली रास्ते में मोड़कर भागने लगा जिसे स्टॉफ वाहन से पीछाकर तमनार चौक के पास पकड़ी। वाहन में करीब 4 टन कबाड़ जिसमें वाहनों के पार्ट्स, लोहा, टीन के टुकड़े लोड था। कबाड़ के संबंध में वाहन चालक दिलशाद खान पिता अब्दुल करीम खान उम्र 19 वर्ष निवासी इमलीडुग्गू थाना कोतवाली जिला कोरबा से पूछताछ करने पर कोरबा से पूंजीपथरा के किसी प्लांट में माल छोड़ने आना बताया है। वाहन में लोड माल के संबंध में कागजात की मांग करने पर चालक कोई कागजात नहीं होना बताया। वाहन में लोड़ कबाड़ चोरी की संपत्ति होने के संदेह पर थाना पूंजीपथरा पुलिस द्वारा कबाड़ 4 टन कीमती 1,76,156 रुपए का जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 41(1-4)सीआरपीसी/379 आईपीसी के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

जूटमिल पुलिस लगातार कर रही संदिग्धों पर कार्रवाई, मोबाइल चोर के बाद पकड़े गये दो और चोर

» आरोपियों से एलईडी टीवी और पीतल के बर्तन बरामद, आरोपियों को भेजा गया रिमांड पर

रायगढ़। पुलिस चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक अमित शुक्ला के नेतृत्व में स्टाफ लगातार तीसरे दिन चोरी, नकबजनी के दो संदिग्धों को पकड़ी है, जिनसे एक एलईडी टीवी और पीतल के दो परात बरामद हुये हैं ।

जानकारी के अनुसार जूटमिल क्षेत्र में चोरियों पर अंकुश लगाने चौकी प्रभारी द्वारा अपने पेट्रोलिंग स्टाफ को लगातार संदिग्धों पर निगाह रखकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में आज पेट्रोलिंग स्टाफ को गांधीनगर जूटमिल के पास दो लड़कों को संदिग्ध हालत में एलईडी टीवी बिक्री के लिये ग्राहक तलाश करने की जानकारी मिली, जिस पर उन्हें स्टाफ द्वारा कड़ी पूछताछ किया गया। दोनों 15 दिन पहले टीवी व बर्तन चोरी कर घर में छिपाकर रखना बताये ,जिसे उनके मेमोरेंडम पर चोरी का सामान बरामद किया गया है। संदेही अपना नाम 1- सागर चौहान पिता गंगाधर चौहान उम्र 21 वर्ष 2- योगेश सिंह उर्फ गोलू चौहान उम्र 23 वर्ष दोनो साकिनान मिठूमुड़ा चौकी जूटमिल के कब्जे से 01 नग स्क्रष्ठ टीवी, 02 नग परात पीतल कुल जुमला रकम 35,000 रुपये बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध चौकी जूटमिल में धारा 41(1-4)सीआरपीसी/379 आईपीसी के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है। जूटमिल पुलिस टीआई अमित शुक्ला के नेतृत्व में लगातार तीसरे दिन चोरों को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है। आज की गई कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक फुलजेंस तिर्की, आरक्षक बनारसी सिदार सत्या यादव की सक्रिय भूमिका रही है।

सीएम ने की बड़ी घोषणा : निजी स्कूलों के बच्चों को भी महतारी दुलार योजना का मिलेगा लाभ

» प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे बेसहारा बच्चों की फीस का वहन करेगी छत्तीसगढ़ सरकार

» छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना में छत्तीसगढ़ में कोविड-19 महामारी से मृत व्यक्तियों के बेसहारा बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था

» कक्षा पहली से 8 वीं तक 500 रूपए और कक्षा 9 वीं से 12वीं तक एक हजार रूपए प्रति माह की छात्रवृत्ति

रायगढ़ । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि कोरोना महामारी से अपने माता-पिता या अभिभावक को खो चुके बच्चे जो निजी स्कूल में पढ़ रहे उनकी पढ़ाई का खर्च भी छत्तीसगढ़ सरकार उठाएगी। ऐसे बच्चों को राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई महतारी दुलार योजना का लाभ मिलेगा। प्राइवेट स्कूलों में पिछले एक साल से पढ़ रहे ऐसे बच्चे उसी निजी स्कूल में या स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में अपनी इच्छानुसार पढ़ सकेंगे। राज्य सरकार द्वारा उनके स्कूल की फीस का वहन किया जाएगा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कोरोना महामारी से मृत व्यक्तियों अथवा पालकों के ऐसे बच्चे जो शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत थे उन्हें निःशुल्क शिक्षा और मासिक छात्रवृत्ति देने के लिए महतारी दुलार योजना प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के बाद अब शासकीय स्कूलों के साथ-साथ प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता अथवा पालक की कोरोना महामारी से मृत्यु हो गई है उन्हें महतारी दुलार योजना का लाभ मिलेगा।

महतारी दुलार योजना के तहत छात्रों को कक्षा पहली से 8 वीं तक 500 रूपए प्रति माह और कक्षा 9 वीं से 12वीं तक एक हजार रूपए प्रति माह की छात्रवृत्ति दी जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा महतारी दुलार योजना के क्रियान्वयन के संबंध में बताया गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग के समन्वय से ऐसे बच्चों को इस योजना का लाभ दिलाए जाएगा। छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना 2021 शैक्षणिक सत्र 2021-22 से लागू है। योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के मूल निवासी परिवारों से संबंधित बेसहारा बच्चों को मिलेगा। इस योजना की पात्रता शर्तों में ऐसे बच्चे जिनके परिवार से कमाने वाले माता या पिता या दोनों की मृत्यु कोविड-19 से हो गई हो को इसका लाभ मिलेगा।

योजना के तहत पात्र पाए गए बच्चों को प्रदेश के शालाओं में निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। ऐसे पात्र बच्चों को राज्य शासन द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी तथा उनके शिक्षा का सम्पूर्ण व्यय राज्य शासन द्वारा वहन किया जाएगा। इसके साथ ही छात्रवृत्ति भी दी जाएगी।

बेसहारा बच्चों के संबंध में किसी भी स्त्रोत से कलेक्टर को जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर जिला शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावा छात्र स्वयं या अभिभावक द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को सीधे आवेदन कर सकेंगे। प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित होगी, जिसमें स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग के एक-एक अधिकारी नामांकित किए गए हैं। समिति की अनुशंसा पर जिला कलेक्टर द्वारा स्वीकृति दी जाएगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480